# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र

## आवश्यक सूचना

दिनांक : 09.09.2021

महाविद्यालय की सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है कि 'आजादी के अमृत महोत्सव एवं **हिन्दी दिवस** के उपलक्ष्य में हिन्दी साहित्य परिषद् द्वारा 13–14 सितम्बर को दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है।

**विस्तार व्याख्यान** : 13 सितंबर 2021 (सोमवार) को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। गूगल मीट का लिंक सभी छात्राओं को उनके वॉट्सएप ग्रुप पर 13 सितंबर 2021 को प्रातः 10:45 बजे भेज दिया जाएगा। व्याख्यान में छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है।

**ऑनलाइन सूक्ति लेखन/पोस्टर बनाओ गतिविधि :**

**विषय :** महापुरूषों/साहित्यकारों/विद्वानों द्वारा हिन्दी भाषा सम्बन्धी सूक्तियाँ [illegible]

नियम :

1. इस गतिविधि में सभी संकायों की छात्राएँ भाग ले सकती हैं।
2. सूक्ति/विचार (Quotes) लेखन का माध्यम हिन्दी भाषा होना चाहिए।
3. भाग लेने के लिए इच्छुक छात्राएँ अपनी प्रविष्टियाँ 13.09.2021 तक dmmkkrhsp@gmail.com पर या निम्नलिखित वॉट्सएप नं० 9416935505, 9896162760 पर भेजें।
4. छात्राएँ अपनी प्रविष्टि पर अपना नाम, कक्षा, रोल नं० और फोन नं० अवश्य लिखें।

**नोट** : गतिविधि से सम्बन्धित जानकारी हेतु निम्नलिखित प्राध्यापिकाओं से सम्पर्क करें

प्राचार्या
Principal
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra (Haryana)

हिन्दी साहित्य परिषद्
डॉ० सीमा – 9416935505
डॉ० आरती अग्रवाल 9896162760

People Info

Seema Singh (You)

013 voc . Muskan

074 Neeru Rani

117 REENA RANI Gen.

118- Ritika

12 Amisha

158 Shimmy kumari

174 Reena

184 Aarti

197Harjeet kaur

2003v Manjeet devi

202voc Tannu Sharma

262 gen Poonam

28-Bharti Sharma

32 Diksha

50V Geetu

64Sapna Punia

Aarushi Banwala - 215

ALISHA 073

AMANDEEP KAUR 237

Amisha 203 voc

Anu 106 gen

Anu Sharma

Arman Arya

Arti Aggarwal

2022.10

← About this call

People    Info

Deepika
Deepu Gujjar
Diksha 248
Dr. Himani Nagpal
Durga devi 2207
Geetanjali Sehgal 020
Gurdeep Bhosle
Harmanpreet Kaur 2139
Harshita 129
Harshita wasan001
Jyoti 100
Jyoti Devi2238
Kajal _059
Kajal 164
Kajal Athwal 2186
Kirandeep kaur 136
Komal mahla 2023
laxmi 206 voc
Mafi Devi 2082
Manjeet Rani
Manju Bakhetia
Meena Kumari Roll No...
Megha 2041
Minakshi Sharma
Monika Rani
Muskan 249
Nancy Sharma 2253
Nancy Sharma210
Nandini Singh
neetu gautam
NEHA 208
Neha 295

About this call

People

- Diksha 248
- Dr. Himani Nagpal
- Durga devi 2207
- Geetanjali Sehgal 020
- Gurdeep Bhasin
- Harshita 129
- Harshita wasan001
- Jyoti Devi2238
- Kajal _059
- Kajal 164
- Kajal Athwal 2186
- Komal mahla 2023
- laxmi 206 voc
- Mafi Devi 2082
- Manjeet Rani
- Manju Bakhetia
- Meena Kumari Roll No...
- Megha 2041
- Minakshi Sharma
- Monika Rani
- Muskan 249
- Nancy Sharma 2253
- Nancy Sharma210
- Nandini Singh
- Neeru Devi 2094
- neetu gautam
- NEHA 208
- Neha 295
- Parveen Soni
- PAYAL DEVI 066
- payal Sharma 30 gen
- Prachi Bains 144
- Priyanka
- Ranjna Rathor
- Reema Dhiman
- Ritika Rani 098
- ruma saini 86
- RUPAL
- Seema Kathana
- Seema Singh
- shilpa Rani 307
- Shivani Kanyan
- Shivani Kashyap
- Shiwani Saini 2301
- Simran
- SIMRAN 225
- Simran Mandhan 205...
- Simran Sharma 033 g...
- Siya Rani 194 voc
- Sneha Bura
- Sneha Saini 272


11:22

# About this call

People | Info

- Reema Dhiman
- Ritika Rani 098
- ruma saini 88
- RUPAL
- Seema Kathana
- Seema Singh
- shilpa Rani 307
- Shivani Kanyan
- Shivani Kashyap
- Shiwani Saini 2301
- Simran
- SIMRAN 225
- Simran Mandhan 205...
- Simran Sharma 033 g...
- Siya Rani 194 voc.
- Sneha Bura
- Sneha Saini 272
- Sonia Saini
- Subhash Saini
- Suman Rajan
- Suryanshi 078
- Varsha 028gen.
- vijeshwari sharma
- Vinod Kumar
- Yakshita Saini
- yogu Jatiya039

2022.10.16 13:27


Kajal _059
197Harjeet kaur
Sneha Saini 272
Isha Devi
141 Gen. Navneet saini
Prachi Bains 144
Megha 2041
Kajal 164
Durga devi 2207
C K
83 others
You
AM
2022.1

दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र
प्रेस नोट

आज दिनांक 14 सितम्बर 2021 को दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में हिन्दी साहित्य परिषद की ओर से 'आजादी के अमृत महोत्सव एवं हिन्दी दिवस' के उपलक्ष्य में दो-दिवसीय समारोह के दूसरे दिन ऑनलाइन सूक्ति लेखन गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि में छात्राओं ने महापुरुषों, विद्वानों और साहित्यकारों द्वारा हिन्दी भाषा के विषय में कहे गए सुविचारों पर अपनी रचनाएं भेजी। सभी संकायों की 16 छात्राओं ने अपने पोस्टरों के माध्यम से महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानन्द, विनोबा भावे, मैथिलीशरण गुप्त, रामवृक्ष बेनीपुरी इत्यादि महापुरुषों के विचारों को अभिव्यक्त किया।'

महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने कहा कि 'हिन्दी दिवस' जहाँ एक तरफ हमें हमारी राष्ट्रभाषा के गौरवशाली इतिहास और विरासत से अवगत करवाता है वहीं दूसरी तरफ हमारे अन्दर अपनी मातृभाषा के प्रचार-प्रसार और विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का कर्त्तव्यबोध भी जगाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सही अभिव्यक्ति उसकी अपनी भाषा में ही हो सकती है और हिन्दी इसके लिए एक सक्षम भाषा है। इस गतिविधि में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को उन्होंने बधाई दी व समारोह की आयोजक हिन्दी साहित्य परिषद की सदस्याओं की सराहना की। इस अवसर पर संयोजिका डॉ. सीमा सिंह व डॉ. आरती अग्रवाल उपस्थित रही।

2022.10.16 13:27

अमर उजाला बुधवार • 15.09.2021

# हिंदी इतिहास और विरासत से कराती है अवगत



पोस्टर दिखाती डीएन कॉलेज की छात्राएं। संवाद

कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला महाविद्यालय में हिंदी साहित्य परिषद की ओर से 'आजादी के अमृत महोत्सव एवं हिंदी दिवस' के उपलक्ष्य में ऑनलाइन सूक्ति लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 16 छात्राओं ने महापुरुषों, विद्वानों और साहित्यकारों द्वारा हिंदी भाषा के विषय में कहे गए विचारों पर अपनी रचनाएं भेजी।


महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने कहा कि हिंदी दिवस जहां एक तरफ हमें हमारी राष्ट्र भाषा के गौरवशाली इतिहास और विरासत से अवगत कराता है, वहीं दूसरी तरफ हमारे अंदर अपनी मातृभाषा के प्रचार-प्रसार और विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का कर्तव्यबोध भी जगाता है।

कहा कि राष्ट्र की सही अभिव्यक्ति उसकी अपनी भाषा में ही हो सकती है और हिंदी इसके लिए एक सक्षम भाषा है। इस मौके पर संयोजिका डॉ. सीमा सिंह व डॉ. आरती अग्रवाल उपस्थित रहीं। संवाद

पंजाब केसरी
WEDNESDAY 15 सितम्बर 2021

# 'दयानन्द महिला महाविद्यालय में हिंदी भाषा दशा और दिशा विषय पर ऑनलाइन विस्तार व्याख्यान आयोजित'

कुरुक्षेत्र, 14 सितम्बर (विनोद अरोड़ा): सलारपुर रोड स्थित दयानन्द महिला महाविद्यालय में हिन्दी साहित्य परिषद् की ओर से 'आजादी के अमृत महोत्सव एवं हिन्दी दिवस' के उपलक्ष्य में 2 दिवसीय समारोह का शुभारम्भ हुआ। इसके अंतर्गत प्रथम दिन 'आजादी के 75 वर्ष हिन्दी भाषा दशा और दिशा' विषय पर ऑनलाइन विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफैसर सुभाष चन्द्र कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्राचार्या डा. विजेश्वरी शर्मा ने मुख्या वक्ता के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने हिन्दी की दशा और दिशा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी के 75वें वर्ष में हिन्दी भाषा भारतवासियों के विचारों एवं भावाभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बनकर उभरी है। इस भाषा ने अपनी सहजता, सरलता, बोधगम्यता एवं उदारता के कारण ही अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाई है। मुख्य वक्ता ने अपने सम्भाषण में भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम में हिन्दी की भूमिका एवं 75 वर्ष की विकास यात्रा पर विचार करते हुए कहा कि हिन्दी भाषा ने भारतीयों को संगठित किया है तथा एकजुट करते हुए अंग्रेजी सत्ता के वर्चस्व को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका डा. सीमा, हिन्दी प्राध्यापिका डा. आरती अग्रवाल, प्राध्यापिका वर्ग एवं ऑनलाइन माध्यम से जुड़ा छात्रा वर्ग उपस्थित रहा।



ऑनलाइन विस्तार व्याख्यान में भाग लेते वक्ता।

# हिंदी की दशा और दिशा विषय पर व्याख्यान हुआ

कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला महाविद्यालय में हिंदी साहित्य परिषद् की ओर से हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत की गई। पहले दिन आजादी के 75 वर्ष हिंदी भाषा दशा और दिशा विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान हुआ। इसमें केयू हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष चंद्र ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि हिंदी ने भारतीयों को संगठित किया है।

हिंदी ने अंग्रेजी सत्ता के वर्चस्व को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिंदी भाषा के उत्थान के संदर्भ में कबीर की पंक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि भाषा सदैव विकार से विकास की ओर उन्मुख होती है क्योंकि भाषा बहते नीर के समान है तथा 'कूप मंडूक' अर्थात संकीर्णता और क्लिष्टता की स्थिति में उसके विकास का मार्ग अवरूद्ध हो जाता है। उन्होंने छात्राओं को हिंदी भाषा के सहज और सरल रूप को अपनाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने कहा कि आजादी के 75वें वर्ष में हिंदी भाषा भारतवासियों के विचारों एवं भावाभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बनकर उभरी है।

इस भाषा ने अपनी सहजता, सरलता, बोधगम्यता एवं उदारता के कारण ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाई है। इस मौके पर डॉ. सीमा, डॉ. आरती अग्रवाल सहित छात्राओं ने हिस्सा लिया। संवाद